# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.

**पत्रांक:** BRLPS/LSBA/Proj/172/20/685 **दिनांक :** 26.11.2020

प्रेषक,

**बालामुरूगन डी०,** भा०प्र०से०,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–मिशन निदेशक।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति

**विषय:** **'स्वच्छ गांव - हमारा गौरव' आईईसी अभियान का पुन: संचालन दिसंबर 2020 से पुन: प्रारंभ किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंग:** **पत्रांक- 284974 ग्रा० वि० - (स्वच्छता) -11 / 2019, ग्रामीण विकास विभाग, दिनांक 02.09.2020 एवं कार्यालय का पत्र – BRLPS / LSBA / Proj / 172 / 20 / 374, दिनांक 29.09.2020।**

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषय के संबंध में सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत 'खुले में शौच से मुक्ति' के स्थायित्व एवं संपूर्ण स्वच्छता हेतु व्यवहार परिवर्तन को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए राज्य के सभी ग्रामों में सितंबर, 2020 से मार्च, 2020 तक प्रत्येक माह में एक सप्ताह अवधि का (साप्ताहिक) **'स्वच्छ गांव - हमारा गौरव'** - विशेष IEC अभियान का संचालन किया जा रहा है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लगने के कारण इस अभियान का संचालन अक्टूबर 2020 एवं नवंबर 2020 (दो माह) हेतु स्थगित किया गया था। आदर्श आचार संहिता हटाने के उपरांत दिसंबर 2020 से (प्रति माह प्रथम सप्ताह - दिनांक 01 से 07 तक) इस अभियान का संचालन पुन: प्रारंभ करते हुए पूर्ववर्त मार्च 2021 तक किया जाय।

**'स्वच्छ गांव - हमारा गौरव'** - अभियान अंतर्गत जनजागरूकता हेतु स्थायी दैनिक गतिविधियों यथा- सुबह-शाम निगरानी, व्यवहार परिवर्तन संवाद संप्रेषण (IPC/BCC) आदि के अलावा थीम / संदेश आधारित गतिविधियों का संचालन किया जाना है। दैनिक गतिविधियां पूर्ववत संचालित की जाएंगी, वहीं दिसंबर 2020 से मार्च 2021 हेतु संदेश आधारित गतिविधियों की सूची पत्र के साथ संलग्न है।

अत: अनुरोध है कि दिसंबर, 2020 से मार्च 2021 तक **'स्वच्छ गांव- हमारा गौरव'** अभियान का संचालन प्रासंगिक पत्र सह निदेश [**पत्रांक- 284974 ग्रा० वि० - (स्वच्छता) - 11/2019, ग्रामीण विकास विभाग, दिनांक 02.09.2020**] के अनुसार करने हेतु संबंधित को निदेशित करने का कष्ट करेंगे ताकि व्यक्तिगत शौचालय तथा व्यवहार परिवर्तन के अंतर (Gap) को दूर कर जिला में 'खुले में शौच से मुक्ति' के स्थायित्व को बनाये रखा जा सके।

साथ ही, अभियान संचालन अवधि में प्रति दिन स्वच्छाग्रहियों तथा LSBA कर्मियों द्वारा किये गये कार्यों की इंट्री **'स्वच्छ गांव हमारा गौरव - मोबाइल एप'** कराते हुये प्रति माह 15 तरीख तक अभियान संचालन का प्रतिवेदन SPMU-LSBA कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक: यथोक्त।

26/11/2020

**(बालामुरूगन डी०)**

**ज्ञापांक:** BRLPS/LSBA/Proj/172/20/685 **दिनांक:** 26.11.2020

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26/11/2020

**(बालामुरूगन डी०)**

1. **"स्वच्छ गांव-हमारा गौरव' अभियान अंतर्गत दिसम्बर, 2020 से मार्च, 2021 तक हेतु जन-जागरूकता थीम/संदेश**

| माह | थीम/संदेश | मुख्य संदेश (Key Messages) / कार्य |
|---|---|---|
| दिसंबर 2020 | रेट्रोफिटिंग द्वारा शौचालय की तकनीकी दोषों को दूर करना एवं सामान्य टूटफूट की मरम्मत | 1-'दो गडढे वाला सोख्ता शौचालय: सस्ता भी, सबसे अच्छा भी'।<br>2-शौचालय की निर्माण तकनीक पर्यावरण अनुकूल हो, इसके प्रति जन-जागरूकता।<br>2-व्यक्तिगत शौचालय में सामान्य टूटफूट होने पर मरम्मत / रेट्रोफिटिंग हेतु उत्प्रेरण।<br>3- दो गड्ढे वाले सोख्ता शौचालय में तकनीकी दोष दूर करना यथा- सिंगल पिट को डबल पिट करना, पाइप की गलत फिटिंग को ठीक कराना, वाई-जंक्शन की कमी दूर कराना आदि।<br>4- सेप्टिक टैंक से ब्लैक-वाटर (मलमिश्रित पानी) निकलने पर सोख्ता गडढ़ा बनाकर उसका समुचित निस्तारण।<br>5- नये शौचालय के निर्माण में उचित तकनीक हेतु परामर्श देना। |
| जनवरी 2021 | शौचालय के नियमित उपयोग के व्यवहार को चिरस्थायी बनाना<br>एवं<br>व्यक्तिगत स्वच्छ आचरणों का अनुपालन | 1- 'शौचालय का नियमित उपयोग - खुशहाल गांव, सभी निरोग'।<br>2- 'स्वच्छता को बनाएं जीवनशैली- गांव में आएगी खुशहाली'।<br>3- व्यक्तिगत स्वच्छ आचरण का अनुपालन हेतु उत्प्रेरण, यथा-<br>(i) दिन में कई बार साबुन से हाथ धोना<br>(ii) सार्वजनिक स्थानों पर नहीं थूकना<br>(iii) पीने के पानी को साफ और सुरक्षित स्थान पर रखना<br>(iv) कोविड-91 के संक्रमण से बचने के लिए लोगों को हमेशा मास्क का प्रयोग करने एवं पर्याप्त शारीरिक दूरी बनाए रखने आदि हेतु जागरूक करना। |
| फरवरी 2021 | सामुदायिक स्वच्छता परिसर (CSC) का संबंधित समुदाय द्वारा सतत उपयोग<br>एवं समुदाय आधारित सफाई तथा रख-रखाव | 1-सामुदायिक स्वच्छता परिसर (CSC) के प्रति संबंधित समुदाय में स्वामित्व का भाव पैदा करना।<br>2- संबंधित समुदाय द्वारा CSC के नियमित उपयोग, साफ-सफाई एवं रखरखाव हेतु उत्प्रेरण किया जाना।<br>3-दलित/महादलित बाहुल्य क्षेत्रों में शौचालय के नियमित उपयोग के फायदे एवं व्यक्तिगत स्वच्छ आचरण के प्रति सामूहिक चर्चा कर जागृति लाना। |
| मार्च 2021 | व्यवहार परिवर्तन में स्थायित्व | 2. परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सदैव शौचालय का उपयोग किया जाना।<br>2- शौचालय की समुचित सफाई एवं रखरखाव हेतु उत्प्रेरण। |

2. **जिला एवं प्रखंड स्तर पर कक्षा छह से आठ के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं कक्षा नौवीं से बारहवीं के लिए ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता हेतु संशोधित विषय –**

i. **दिसंबर 2020- " स्वच्छता सबका संकल्प, स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी"**
ii. **जनवरी 2021- " शौचालय का नियमित उपयोग, खुशहाल गांव सभी निरोग"**
iii. **फरवरी 2021 - "खुले में शौच से मुक्त गांव"**
iv. **मार्च 2021- " शौचालय का उपयोग- हमेशा, हर कोई, हर रोज"**